तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025

4 जलभराव और गंदगी से निजात के लिए तैयार हो रहा नया नाला





## खबर संक्षेप

### झुलसी महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर में खाना बनाते समय झुलसी एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फुलमेत डेलकी पति दुखीराम डेलकी 25 जून को घर पर अकेली खाना बना रही थी। उसका बेटा और बहू खेत में काम करने गए थे। इस दौरान अचानक उसे चक्कर आने पर वह चूल्हे में गिर पड़ी। जिससे उसका दायां हाथ बुरी तरह झुलस गया। शाम को जब परिजन घर लौटे तो उन्होंने उसे घायल अवस्था में पाया और तुरंत लमडांड स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे लैलूंगा अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के बाद भी हालत में सुधार नहीं होने पर 13 जुलाई को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान गुरुवार की शाम उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। वहीं पीएम के बाद महिला का शव उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जिले में 551 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 18 जुलाई तक 551 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.9 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 626.9 मिली मीटर, पुसौर में 624.6, खरसिया में 538.2, घरघोड़ा में 508.6, तमनार में 395.4, लैलूंगा में 494.7, मुकडेगा में 625.6, धरमजयगढ़ में 469.1, छाल में 526.6 एवं कापू में 700.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### आधार सेवा संचालन के लिए सूची जारी

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में आधार सेवा संचालन हेतु चयनित इन हाउस मॉडल संचालकों की प्रक्रिया को क्रियान्वित किया जा रहा है। इस संबंध में कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ के माध्यम से 33 आधार संचालकों के चयन हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। प्राप्त आवेदनों की जांच एवं परीक्षण के उपरांत 33 आवेदकों की सूची प्रकाशित की गई है। इस सूची के संबंध में यदि किसी को कोई दावा या आपत्ति होए तो वे 22 जुलाई 2025 तक कार्यालयीन समय में कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 46 में अपना दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पुलिसकर्मियों के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल की पहल पर उर्दना स्थित पुलिस लाइन में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 198 पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों ने जांच व परामर्श सेवाएं लीं। ओपी जिंदल फोर्टिस हॉस्पिटल की टीम ने बीपी, शुगर, नेत्र सहित कई सामान्य जांच की। रक्षित निरीक्षक अमित सिंह के समन्वय में शिविर संपन्न हुआ।

### हरिभूमि में छपी खबर के बाद जागा निगम प्रशासन, मीना बाजार संचालकों को नोटिस जारी

# मीना बाजार पर रोक, पहले दिखाना पड़ेगा कागज..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सावित्री नगर व ट्रांसपोर्टनगर में बिना अनुमति लग रहे मीना बाजार पर नगर निगम ने रोक लगा दी है। हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद निगम प्रशासन नींद से जाग गया है। कमिश्नर द्वारा मीना बाजार संचालकों सहित जमीन मालिकों को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर अनुमति संबंधी साक्ष्य पेश करने कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर नगर निगम अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई करने की बात कही गई है।

दरअसल शहर के ऐतिहासिक जनमाष्टमी पर्व को लेकर शहर के सावित्री नगर में एक और ट्रांसपोर्टनगर में दो कुल तीन मीना बाजार लगाया जा रहा है। मीना बाजार संचालकों द्वारा रसूख के दम पर बिना किसी अनुमति के यह कार्य किया जा रहा है। इन स्थानों में आधे से ज्यादा झूले भी लग गए हैं। जबकि नियमतः मेला लगाने से पहले नगर निगम और जिला प्रशासन से अनुमति लेना जरूरी है, लेकिन संचालकों द्वारा नियम-कानून की धज्जियां उड़ाते हुए यह कार्य किया जा रहा है। हरिभूमि द्वारा इस मुद्दे को



प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। इसके बाद नगर निगम प्रशासन भी हरकत में आ गया है। बिना अनुमति मीना बाजार लगाने को लेकर निगम प्रशासन ने मीना बाजार संचालकों और जमीन मालिकों को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के बाद मेला लगाने और जमीन देने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में मीना बाजार में झूला लगाने सहित अन्य कामों को रोक दिया गया है। संचालकों को समय सीमा पर अनुमति संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने पर नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 253 व 254 के तहत कार्रवाई करने की बात कही गई है।

> मीना बाजार संचालकों को नोटिस देने का मुख्य उद्देश्य यह है कि हमने परमिशन ही नहीं दिया है तो उन्होंने काम पहले शुरू कैसे कर दिया। हमारे नोटिस के बाद उन्होंने काम को रोक दिया है। तीन दिन के भीतर अनुमति संबंधी साक्ष्य पेश नहीं करने पर नगर निगम अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की जाएगी।
>
> **सूरज देवांगन,** एई नगर निगम रायगढ़।

#### खबर का असर


संचालक और प्रशासन पर सांठगांठ का आरोप, विरोधकर्ता भी चुप

किसकी अनुमति से शहर में लग रहा मीना बाजार, कमिश्नर व एसडीएम को भनक नहीं

पिछली याचिका में नहीं मिली थी राहत, अब ठोस दस्तावेजों के साथ होंगे पेश

मीना बाजार बनाम जनता : अबकी बार ठोस सबूतों के साथ कोर्ट में आर पार की तैयारी

#### पुलिस और स्थानीय लोगों की बढ़ जाती है परेशानी

दरअसल हर साल मीना बाजार लगते ही यहां आपराधिक वारदातें बढ़ जाती हैं। मीना बाजार के गुंडे जहां खुलेआम दादागिरी कर लोगों से मारपीट करते नजर आते हैं तो वहीं दूसरी तरफ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी यहीं अपना डेरा जमा लेते हैं। उनके द्वारा छेड़खानी, पॉकिटमारी, लूटपाट, चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दिया जाता है, जिससे पुलिस की परेशानी बढ़ जाती है। इसके अलावा सावित्रीनगर और ट्रांसपोर्टनगर में मीना बाजार लगने से विश्वासगढ़ चर्च से ट्रांसपोर्ट नगर तक रोजाना लंबा जाम लगता है। स्थिति यह हो जाती है कि स्थानीय निवासी अपने घरों में कैद हो जाते हैं, घर से निकलना, वाहन निकालना इनके लिए काफी मुश्किल हो जाता है। इतना ही नहीं अगर इसी बीच किसी को कुछ हो जाए तो इस मार्ग में एंबुलेंस आने और जाने तक की जगह नहीं रहती। इसी के चलते हर साल लोग यहां लगने वाले मीना बाजार का विरोध करते हैं।

#### क्या है नगर निगम अधिनियम की धारा 253 और 254

नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 253 और 254, निगम के कार्यों और शक्तियों से संबंधित हैं। धारा 253 निगम को कुछ कार्यों को करने की शक्ति प्रदान करता है। धारा 254 निगम को कुछ कार्यों को करने से रोकता है, जैसे कि गैरकानूनी गतिविधियां करना। इन धाराओं के तहत यदि कोई व्यक्ति या संस्था निगम के कार्यों में बाधा डालता है या निगम के नियमों का उल्लंघन करता है, तो निगम कानूनी कार्रवाई कर सकता है। यह कार्रवाई जुर्माना लगाने, संपत्ति को जब्त करने, या कानूनी कार्रवाई शुरू करने जैसा हो सकता है।

#### निगम द्वारा इन्हें जारी किया गया नोटिस

नगर निगम द्वारा जमीन मालिक लाल कुमार पटेल, फन वर्ल्ड फेयर प्रबंधक तमन्ना हुसैन, फेंटेसी पार्क फन फेयर प्रबंधक कमाल आलम खान, जमीन मालिक सौरभ अग्रवाल व डिज्नीलैंड प्रबंधक हुमायूं अंसारी को नोटिस जारी किया गया है। वहीं इन्हें तीन दिन के भीतर अनुज्ञा/अनुमति दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समय सीमा पर अनुमति संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने पर नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 253 व 254 के तहत कार्रवाई करने की बात कही गई है।

## लैलूंगा-बाकारूमा मार्ग 6 माह में ही जर्जर, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

करोड़ों रुपए की लागत से छह महीने पहले बनी लैलूंगा-बाकारूमा मुख्य सड़क की हालत इन दिनों बदहाल हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन पलटने की घटनाएं बढ़ गई हैं और ग्रामीणों की जान जोखिम में पड़ गई है।

यह मार्ग खम्हार, राजपुर, बाकारूमा जैसे दर्जनों गांवों को जोड़ता है, लेकिन गड्ढों और कीचड़ के कारण आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि एक गर्भवती महिला को समय पर अस्पताल नहीं ले जाया जा सका, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। सड़क की परतें उखड़ चुकी हैं और कई जगह मिट्टी बाहर नजर आ रही है। जनप्रतिनिधियों की चुप्पी और विभाग की निष्क्रियता से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क की मरम्मत और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे चक्काजाम करेंगे।



## फोरलेन किनारे अवैध रूप से किया जा रहा फ्लाईऐश डंप, पर्यावरण विभाग अंजान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग 49 रायगढ़-बिलासपुर मार्ग पर खरसिया थाना अंतर्गत बोतल्दा से पलगढ़ा घाट तक फोरलेन सड़क किनारे रात के अंधेरे में अवैध रूप से फ्लाई ऐश डंप किया जा रहा है। बिना नंबर प्लेट के ट्रांसपोर्टरों के भारी वाहन खुलेआम रोड पर दौड़ रहे हैं और जगह-जगह फ्लाईऐश गिरा रहे हैं। जिससे बारिश के पानी में बहकर यह राख खेतों में जमा हो रही है। इससे न केवल किसानों की खेती प्रभावित हो रही है बल्कि आने वाले समय में स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार जब इन गाड़ियों को रोककर पूछताछ की गई तो न तो उनके पास किसी प्रकार के वैध दस्तावेज थे और न ही पर्यावरण विभाग की कोई अनुमति। ट्रक चालक सवालों से बचते हुए टालमटोल करते नजर आए। इन डंपरों से उड़ने वाली फ्लाईऐश की धूल सड़कों पर छाई रहती है, जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



#### इन गावों को बनाया जा रहा है निशाना

पिछले साल पर्यावरण विभाग ने फ्लाईऐश की अवैध डंपिंग की शिकायत के लिए एक टोल फ्री नंबर जारी किया था, जिससे कुछ समय के लिए यह गतिविधि रुक गई थी, लेकिन अब फिर से ट्रांसपोर्टर बेखौफ होकर बिना नंबर प्लेट की गाड़ियां चला रहे हैं और बस्तियों एवं खेतों के पास फ्लाईऐश डंप कर रहे हैं। पतरापाली, बोतल्दा, जामजोर, छोटे देवगांव जैसे गावों में खुले स्थानों को निशाना बनाकर रात के समय फ्लाईऐश डंप किया जा रहा है।

## खरसिया में इंडेन गैस सेवा ठप उपभोक्ता हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

नगरवासियों को इन दिनों घरेलू रसोई गैस के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरसिया नगर और आसपास के क्षेत्रों में गैस आपूर्ति का एकमात्र सहारा इंडेन गैस एजेंसी ही है, लेकिन बीते दो.तीन महीनों से उसकी सप्लाई भी ठप पड़ी है। स्थानीय उपभोक्ताओं के मुताबिक, गैस की ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद कई दिनों तक सिलेंडर नहीं मिल रहा। गैस एजेंसी में फोन करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता, मजबूरन लोगों को बाजार से ऊंचे दामों में ब्लैक में गैस सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है। एजेंसी संचालक कमल भार्गव ने बताया कि पहले रायपुर से गैस सप्लाई हो रही थी, लेकिन वहां की आपूर्ति बंद होने के बाद झारसुगुड़ा से गैस मंगाई जा रही थी। अब झारसुगुड़ा डिपो से भी सप्लाई बाधित हो गई है, जिससे समस्या और बढ़ गई है।

जब इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के अधिकारी तरुण साधवानी से संपर्क किया गया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि मीडिया को हम कोई जानकारी नहीं देंगे, ऊपर बात कीजिए। स्थिति की विडंबना यह है कि खरसिया के आस.पास के ग्रामीण क्षेत्रों में गैस की पर्याप्त आपूर्ति की जा रही है, लेकिन नगर में उपभोक्ताओं को हर दिन गैस के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। सावन माह और आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए यदि आपूर्ति व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो उपभोक्ताओं में रोष बढ़ सकता है और लोग आंदोलन की राह भी अपना सकते हैं।



#### खास बात

- उपभोक्ताओं को ब्लैक में खरीदनी पड़ रही रसोई गैस

### बाइक से गिरने पर एक की मौत, दूसरा घायल

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत घर लौटते समय बाइक से गिर कर दो युवक घायल हो गए। एक युवक को गंभीर चोट लगने की वजह से रायगढ़ रेफर किया जा रहा था। इसी बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को भजन लाल राठिया 27 साल अपने एक साथी रमाशंकर राठिया के साथ बाइक में तमनार से अपने गांव महलोई वापस लौट रहा था। बाइक सवार दोनों युवक रात करीब साढ़े 10 बजे अर्धनारेश्वर मंदिर के आगे मोड के पास पहुंचे ही थे कि बाइक चला रहे रमाशंकर ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे दोनों बाइक से गिर कर घायल हो गए। इस घटना में भजन लाल राठिया को गंभीर रूप से चोट आई थी।

## संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त रहे 212 बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**रायगढ़।** जिले में मंगलवार तड़के एक साथ सभी थानों की पुलिस ने पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त रहे बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया। इस कार्रवाई में जिलेभर के थाना क्षेत्रों से पूर्व के आरोपियों और संदिग्धों को थाना प्रभारियों ने थाने लाकर पूछताछ की गई, जिनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड पहले से दर्ज है। कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य हाल ही में श्री श्याम मंदिर चोरी जैसी वारदातों में उनकी संलिप्तता की जांच करना रहा। थाना प्रभारियों द्वारा पूछताछ के दौरान आरोपियों की हालिया गतिविधियों की पुष्टि की गई और उनके फिंगर प्रिंट लेकर मिलान की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिन बदमाशों की लंबे समय से तलाश थी और वे सकुनत से फरार हैं उनके संबंध में भी जानकारियां एकत्र की जा रही हैं। पुलिस ने सभी संदिग्धों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे कहीं भी जाने से पूर्व थाना प्रभारी को सूचित करें और किसी भी आपराधिक गतिविधि से दूर रहें। यदि उनके संबंध में कोई सूचना या संदेहजनक गतिविधि सामने आती है तो तत्काल थाना को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के तहत जिले के अलग-अलग थानों में शाम तक कुल 212 संदेहियों पर बीएनएसएस की धारा 128 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। इस सघन कार्रवाई से अपराधियों में खलबली मची हुई है और पुलिस की यह रणनीति अपराधों पर अंकुश की दिशा में नियमित कार्यवाही है।




### जर्जर भवन, कीचड़ से लबालब मैदान में बच्चों को रही परेशानी

# मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा कुम्हीचुंवा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ विकासखंड के कापू क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हीचुंवा स्थित प्राथमिक विद्यालय उपेक्षा का दंश झेल रहा है। यह विद्यालय अब शिक्षा का मंदिर कम और बदहाल स्कूल नजर आता है। जर्जर भवन, कीचड़ से लबालब भरा आंगन और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा से यहां के बच्चे वंचित हैं।

दरअसल कुम्हीचुंवा स्थित प्राथमिक विद्यालय भवन की हालत बद से बदतर है। यहां हर वक्त अनहोनी की आशंका बनी रहती है। यहां अतिरिक्त कक्ष जरूर बना है, लेकिन वह पांच कक्षाओं की पढ़ाई के लिए पर्याप्त नहीं है। बच्चों की संख्या अधिक और स्थान सीमित होने के कारण कक्षा दूसरी और चौथी के छात्रों को एक ही कक्ष में ठूंस दिया जाता है। इस स्कूल में पेयजल की स्थिति भी अत्यंत दयनीय है। परिसर में एक मात्र हैंडपंप है जो केवल नाम का अस्तित्व रखता है। पानी की अनुपलब्धता के कारण भोजन निर्माण अत्यंत कठिन हो गया है। प्रतिदिन आधा किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। रसोई कक्ष का हाल भी बेहाल है, फर्स जर्जर अवस्था में है और जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं विद्यालय का आंगन अब बच्चों के लिए खेलने का स्थान नहीं, बल्कि पानी से लबालब भरा कीचड़युक्त बन गया है। बच्चों को उसी में चलकर कक्षाओं तक पहुंचना पड़ता है।



#### मध्यान्ह भोजन में मिलता है मसूर दाल और आलू

बड़ी विडंबना यह भी है स्कूली बच्चों को भोजन में प्रतिदिन सिर्फ मसूर दाल और आलू परोसा जाता है। जिससे पोषण की बात करना ही व्यर्थ प्रतीत होता है। शिक्षकगण इस दिशा में उदासीन बने हुए हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**

## हाथी मानव-द्वन्द न्यूनतम करने अर्ली वार्निंग सिस्टम



**जशपुरनगर।** वनमंडल अंतर्गत कुनकुरी में रायपुर से आए विशेषज्ञ द्वारा अर्ली वार्निंग सिस्टम हेतु गज संकेत एप्प का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लगभग 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य वन कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ रेपिड रेस्पॉन्स टीम को इस एप्प की जानकारी देना था। ज्ञात हो कि इस एप्प के माध्यम से आम जनता को हाथी के लोकेशन की जानकारी पहले ही प्राप्त हो जाएगी। जिससे ग्रामीण जंगलो की ओर नही जाएंगे। इस एप्प के द्वारा हाथी के लोकेशन के 10 किलोमीटर तक के दायरे में आने वाले सभी क्षेत्र के रजिस्टर्ड ग्रामीणों को दूरभाष एवं मैसेज के द्वारा जानकारी पूर्व में ही प्राप्त हो जाएगा। जिससे हाथी मानव द्वन्द को न्यूनतम किया जा सकेगा।

## जिले में अब तक 5286.7 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 5286.7 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 18 जुलाई तक की स्थिति में 3559.3 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 62.6 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 552.4 मिमी, मनोरा में 674.6 मिमी, कुनकुरी में 740.2 मिमी, दुलदुला में 356.0 मिमी, फरसाबहार में 446.4 मिमी, बगीचा में 549.0 मिमी, कांसाबेल में 542.1 मिमी, पत्थलगांव में 422.7 मिमी, सन्ना में 621.6 मिमी एवं बागबहार में 381.7 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

## जनहानि के दो मामले में 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम लोरो निवासी स्व. निखिल गुप्ता का डेम के पानी में डूबने से 21 अप्रैल 20214 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता श्री रूपेश गुप्ता हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम बन्दरचुआं निवासी स्व. दानियल मिंज का मधुमक्खी के काटने से 17 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारित उनके पुत्र नावालिंग अंकित और पुत्री नम्रता एवं आत्मीकता हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## पूर्व नक्सली बिहार से गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले के चलगली मानपुर में हथियार के दम पर की गई डकैती के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में पूर्व नक्सली व कुख्यात आरोपी को बिहार के डेहरी ऑन सोन से पकड़ा है। आरोपी पिछले साढ़े तीन साल से फरार था और अपनी पहचान बदलकर छिपा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त भरमार बन्दूक भी बरामद किया है जबकि इस गिरोह के 7 आरोपी और पूर्व नक्सली गिरफ्तार किए जा चुके है। गुरुवार को एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान प्रकरण का खुलासा किया। बता दें कि बलरामपुर जिले के चलगली अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी कमलेश गुप्ता आ. रविन्द्र गुप्ता के घर 12 जनवरी की रात 9-10 बजे नकाबपोश व वर्दी धारी हाथियारबंद लोग घुस आए थे। नकाबपोश आरोपियों ने खुद को नक्सली बताकर हथियार के बल पर परिवार को जान से मारने की धमकी देकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी कमलेश गुप्ता के घर से 2 लाख 20 हजार रूपए लूटकर फरार हो गए थे। चूंकि कमलेश गुप्ता का घर पहाड़ से लगा हुआ था इस लिए डकैत वारदात को अंजाम देने के बाद फारार हो गए थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए मिली 4 करोड़ 37 लाख की स्वीकृति

# कोतबा को मिली स्वास्थ्य सुविधाओं की बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में लगातार सार्थक पहल की जा रही है। इसी क्रम में जशपुर जिले के कोतबा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अब 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाएगा। इसके लिए 4 करोड़ 37 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। इस राशि से भवन निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का हो रहा है विस्तार कोतबा क्षेत्र के लिए यह एक बड़ी सौगात मानी जा रही है, क्योंकि अब यहां की जनता को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दूरस्थ अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इसके पहले भी जिले को 220 बिस्तर वाले आधुनिक अस्पताल की स्वीकृति मिल चुकी है, जो जिले की स्वास्थ्य संरचना को एक नई मजबूती देगा। वहीं कुनकुरी विकास खंड के ग्राम गिना बहार में 8 करोड़ के अधिक की लागत से 50 बिस्तरीय मातृत्व और शिशु अस्पताल बनाने की भी स्वीकृत दी जा चुकी है। जिससे मां और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा

### जनता में हर्ष, मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

कोतबा समेत आस-पास के ग्रामीण अंचलों के लोगों में इस निर्णय से खुशी की लहर है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी करेगा, बल्कि गरीब व दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को इलाज की बेहतर सुविधा घर के पास ही उपलब्ध कराएगा।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सौगातें मिल रही हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि राज्य सरकार ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गौ-वंश का वध करते दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

तपकरा थाना क्षेत्र के मयूरचुंदी गांव में गौ-वंश वध कर उसका मांस तैयार करने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 49 किलो गौमांस, काटने के औजार, टंगिया, तराजू-बांट सहित अन्य सामग्री जब्त की है। मामले के अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस

17 जुलाई की सुबह एसडीओपी कुनकुरी को ग्रामवासियों ने सूचना दी कि मयूरचुंदी निवासी सुधीर कुजूर अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर गौ-वंश का वध कर उसके मांस को भक्षण और विक्रय के लिए तैयार कर रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह ने एसडीओपी विनोद मंडावी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। चौकी करडेगा और उपरकछार से संयुक्त पुलिस टीम रवाना की गई।



मौके से गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी।

### दबिश में दो आरोपी पकड़े गए

मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान सुधीर कुजूर (48 वर्ष) एवं वीरसिंह कुजूर (55 वर्ष) को मौके से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में सुधीर कुजूर ने बताया कि उसने 16 जुलाई की शाम लगभग 7 बजे अपने काले रंग के बैल को टंगिया से मारकर वध किया और मांस को घर में रखकर ग्राहक की प्रतीक्षा कर रहा था।

### ग्राहक से भी मिला मांस

गिरफ्तार आरोपी वीरसिंह कुजूर मांस खरीदने पहुंचा था उसके कब्जे से भी 2 किलो गौमांस जब्त किया गया।

### इन धाराओं में अपराध दर्ज

पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध चौकी करडेगा, थाना तपकरा में अपराध क्रमांक 53/25 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 5, 10 एवं कृषक पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### जांच टीम में शामिल अधिकारी

इस कार्रवाई में दिलबंधन भगत, भुनेश्वर भगत, अजय कुजूर, राजेन्द्र राम भगत गोरे, धिरेन्द्र मधुकर, शोभनाथ सिंह और शिवशंकर राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# साय ने ली ज्योति की पढ़ाई की जिम्मेदारी

**जशपुरनगर।** तपकरा में हुए ट्रिपल मर्डर में अपने स्वजनों को खोने वाली ज्योति ठाकुर की इस दुखद घटना ने सब कुछ छीन लिया था। ऐसे में अपने रिश्तेदारों के घर रह रही ज्योति को अपने भविष्य को लेकर चिंता होने लगी थी। उसकी चिंता को देखकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा इसकी जानकारी मुख्यमंत्री श्री साय को दी गयी।

■ मुख्यमंत्री ने सिर पर रखा हाथ

मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरन्त कार्यवाही की और ज्योति के भविष्य को सुरक्षित करने एवं उसे संरक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया। उन्होंने ज्योति के भविष्य को संवारने के लिए उसकी आगे की पूरी शिक्षा की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली है। इसके साथ ही ज्योति को गणवेश और स्कूली किताबें भी उपलब्ध कराई हैं। जिसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ज्योति को प्रदान करते हुए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत सूचित करने को कहा है। इसके संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधि राजेश चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा एक ऐसी बच्ची जिसकी एक दुखद घटना ने सब कुछ छीन लिया था उसे सहारा देने का एक सराहनीय कदम उठाया है। इससे ज्योति को ना केवल आगे बढ़ने का संबल प्राप्त होगा, उसके भविष्य को भी उज्ज्वल राह प्राप्त होगी। यह पूरे समाज में भरोसा और उम्मीद जगाने वाला कदम है।



तपकरा की बालिका की पूर्ण पढ़ाई का मुख्यमंत्री ने लिया जिम्मेदारी।

## पीएम उज्ज्वला योजना का डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं को मिला लाभ

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गरीब परिवार की महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है। देश के अन्य राज्यों की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी बड़ी संख्या में गरीब परिवार की महिलाओं को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन दिए गए हैं। जशपुर जिले में अब तक 1 लाख 54 हजार 439 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल चुका है। एक समय ऐसा था जब उच्च और उच्च मध्यम परिवारों के घरों में रसोई गैस कनेक्शन होता था। गरीब परिवारों की महिलाओं के लिए ऐसी सुविधा जुटाना एक सपने जैसा था। गरीब परिवारों की महिलाओं को परिवार संभालने की जिम्मेदारी के साथ-साथ असुविधाजनक ढ़ंग से लकड़ी या कोयले के माध्यम से चूल्हे में खाना पकाना पड़ता था।

# कुख्यात गौ-तस्कर इरशाद गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** लंबे समय से गौ-तस्करी के मामलों में फरार चल रहा साईंटांगरटोली निवासी कुख्यात तस्कर मो.ईरशाद खान आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया। पुलिस ने उसे उसके गांव में दबिश देकर गिरफ्तार किया। ईरशाद के विरुद्ध जिले के तीन अलग-अलग थानों में गौ-तस्करी के गंभीर मामले दर्ज है। उसके खिलाफ स्थाई वारंट भी जारी था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी के खिलाफ चौकी दोकड़ा, सिटी कोतवाली और थाना तपकरा में गौ-तस्करी के प्रकरण पंजीबद्ध है। इन मामलों में पुलिस ने कुल 50 नग गौ-वंश तथा एक ट्रक और दो पिकअप वाहन जब्त किया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पुलिस टीम की सक्रियता से मिली सफलता

आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक हर्षवर्धन चौरासे, अशोक यादव, कृपा सिंधु तिग्गा, हेमंत कुजूर समेत पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि मो.ईरशाद खान पुराने समय से गौ-तस्करी में लिप्त है। उसकी गिरफ्तारी से जिले में चल रहे गौ-तस्करी के सिंडिकेट को बड़ा झटका लगा है। ऑपरेशन 'शंखनाद' आगे भी इसी सख्ती से चलता रहेगा।

# पटवारी कार सहित पुलिया से नीचे गिरा, सुरक्षित



क्षतिग्रस्त कार।

**जशपुरनगर।** जिले के सन्ना थाना क्षेत्र अंतर्गत नन्हेसर हर्रामोड़ के पास गुरुवार की रात एक तेज रफ्तार कार पुलिया से नीचे जा गिरी। गनीमत रही कार मालिक अरुण लकड़ा इस गंभीर दुर्घटना में सुरक्षित बच निकले।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अरुण लकड़ा सन्ना स्थित राजस्व निरीक्षक कार्यालय से ड्यूटी समाप्त कर अपने किराए के कमरे चंपा लौट रहे थे। जब वे नन्हेसर हर्रामोड़ के पास पहुंचे, तो पुलिया पर कोई डिवाइडर या बैरियर न होने के कारण तेज गति कार अनियंत्रित होकर सीधे पुलिया के नीचे गिर गई। हालांकि उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन कार को भारी क्षति पहुंची है।

### सुरक्षा बैरियर का अभाव बना कारण

स्थानीय ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पुलिया पर कोई सुरक्षा बैरियर, रेलिंग या संकेतक नहीं था। तेज रफ्तार और मोड़ पर नियंत्रण खोने से कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस पुलिया पर पहले भी कई बार छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं।

### जन प्रतिनिधि ने जताई चिंता

इस हादसे की सूचना मिलते ही जनपद सदस्य राकेश गुप्ता ने मौके का निरीक्षण किया और पुलिया की खस्ताहाल स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली दुर्घटना नहीं है। पुलिया की सुरक्षा व्यवस्था लंबे समय से उपेक्षित है। मैं प्रशासन से मांग करता हूं कि इस पुलिया की तत्काल मरम्मत करवाई जाए, और वहां मजबूत बैरियर व चेतावनी संकेतक लगाए जाएं ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।

# कलेक्टर ने ली प्राचार्यों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला पंचायत समाकक्ष में स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक लेकर 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों और इस शैक्षणिक सत्र में बच्चों की उपस्थिति पर विस्तार से समीक्षा की।

■ अपेक्षित परिणाम नहीं आने पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं में जिन स्कूलों में आपेक्षिक परीक्षा परिणाम नहीं आए हैं उन स्कूलों के प्राचार्यो को इसमें आवश्यक सुधार लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने इस शैक्षणिक सत्र में जिन स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति कम दर्ज हुई है उन पर नाराजगी जाहिर करते हुए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए और कहा की अगर इसमें सुधार नहीं किया जाता है तो संबंधित स्कूल के प्राचार्यों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने पालकों से अपील करते हुए कहा की अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए नियमित रूप से स्कूल भेजें। स्कूल की वह माध्यम है जहां बच्चें पढ़ाई कर अपने आने वाला कल को सुंदर बना सकते हैं। युक्तियुक्तकरण के बाद से स्कूलों में शिक्षकों की कमी की जो समस्या थी, उसे दूर कर लिया गया है। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए की कोटपा एक्ट और नशामुक्त भारत अभियान के तहत स्कूल के बाउंड्रीवॉल से 100 मीटर के दायरे में तक नो टोबेको जोन घोषित किया गया है। अगर कोई विक्रय करते हुए पाया जाता है तो इस संबंध में अधिकारियों को सूचित करें। कलेक्टर ने बताया कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन की तरफ से जिले में खेल मैदान को डेवलप किया जाना है। यह कार्य जनसहयोग से होगा। उन्होंने अधिकारियों से जिले के 20 खेल मैदानों की जानकारी देने को कहा जिसे डेवलप किया जा सकता है।




प्राचार्यों की बैठक लेते कलेक्टर।

### विनोबा ऐप में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

विनोबा एप में बेहरत तरीके से समयबद्ध स्कूल गतिविधियों को दर्ज करने के लिए जिले के संकुल समन्वयक डूमरटोली के अजीत सिदार, संकुल समन्वयक सिटोंगा के राजेन्द्र सिन्हा, माध्यमिक शाला डूमरटोली के प्रवीण कुमार पाठक और प्राथमिक शाला सरहापानी के हेमलता जगत को कलेक्टर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर, यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता, सदस्य संजीव शर्मा सहित समस्त ब्लॉक के बीईओ, स्कूलों के प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# शाला त्यागी बच्चों को किया गया जागरूक



शाला त्यागी बच्चों को जागरुक करती टीम।

**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था द्वारा विकासखंड फरसाबहार के 3 पंचायत बनगांव हेतघिचा और खुटगांव में शाला त्यागी किशोरियों को बेहतर शिक्षा और स्वयं की सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण के विषय पर जागरूक किया गया। जिसमें उपर्युक पंचायत के सरपंच, सचिव, बीडीसी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शालत्यागी किशोरियां एवं जीवन झरना विकास संस्था संचालिका सिस्टर एनी एवम् संबंधित पंचायत में कार्यरत कार्यकर्ता एवम् पंचायत के प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को शुभारंभ करते हुए जीवन झरना विकास संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत अभिवादन किया इसके पश्चात संस्था की संचालिका एवम् कार्यकर्ताओं के द्वारा किशोरावस्था में स्वयं की सुरक्षा बेहतर शिक्षा, एवम् पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में एक वृक्ष उदाहरण देते हुए जानकारी दिया गया। जैसे एक छोटा सा पौधा को हम जमीन पर लगाते हैं उसे सही समय पर खाद पानी डालते हैं कीड़े मक़ौडे घास फूस से सुरक्षित करते हैं तब वह धीरे धीरे पेड़ का रूप लेता है और हमारे मानव जीवन में ऑक्सीजन का स्त्रोत, वायु शुद्धिकरण, जल चक्र, भूमि संरक्षण , आर्थिक महत्व और मानसिक स्वास्थ में सहायक बनता है ठीक उसी तरह किशोरावस्था में हमे अपने जीवन में होने वाले शारीरिक, मानसिक परिवर्तन को नियंत्रण में रखकर स्वयं को जागरूक एवम् सुरक्षित रखने की आवश्यकता है।

## हाईवा- ट्रेलर की भिड़ंत में मवेशी की मौत, वाहन में फंसा चालक

**अम्बिकापुर।** बीती रात एनएच 130 पर ग्राम सोनतरई के पास हाइवा एवं टैंकर के बीच हुई भिड़ंत में एक गाय की मौत हो गई। भीषण दुर्घटना में हाइवा चालक वाहन में फंस गया था। काफी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला गया तथा गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। टैंकर चालक व दोनों वाहन के क्लीनर सुरक्षित है। बताया जा रहा है कि बीती रात टैंकर क्रमांक सीजी 15 डीबी 1187 कोरबा की ओर से अम्बिकापुर की ओर जा रहा था वहीं हाइवा क्रमांक सीजी 15 एक्स 3677 का चालक कोयला अनलोड कर अदानी खदान जा रहा था। दोनो वाहन तेज रफ्तार से गुजर रहे थे। इस दौरान रात्रि 9 बजे एक गाय सामने आ गई तथा दोनों वाहनों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर में गाय पूरी तरह से दब गई तथा घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी हाईवा का इंजन दूसरी ओर मुड़ गया था। मुख्य मार्गों पर वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार एवं आवारा मवेशियों का जमावड़ा दुर्घटनाओं का कारण बताया जा रहा है।

### मनोरा विद्युत कार्यालय के सामने दिया एक दिवसीय धरना

# बिजली बिल बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल



राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता।




धरना को संबोधित करते जनपद अध्यक्ष परमेश्वर भगत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राज्य में बिजली बिलों की बेतहाशा बढ़ोतरी के विरोध में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनोरा ने विद्युत कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना दिया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आम जनता पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को लेकर तीखा विरोध जताया। धरना का नेतृत्व जनपद अध्यक्ष परमेश्वर भगत ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों की थाली से निवाला छीनने का काम किया है। जिस घर में एक बल्ब और एक पंखा चलता है, उसका भी 800-1000 का बिल आ रहा है। यह पूरी तरह से अन्याय है। धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए।₹बिजली बिलों की लूट बंद करो!₹₹गरीबों पर अत्याचार नहीं सहेंगे! जैसे नारो से धरना रहता गुंजता रहा।

### राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

धरना स्थल पर मौजूद प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार मनोरा को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें बिजली दरों में बढ़ोतरी को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि बिजली जैसी आवश्यक सेवा को मुनाफे का माध्यम बनाया जा रहा है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जनता को राहत नहीं मिली तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष हैप्पी कमल कुजूर, संजीव भगत, दिनेश्वर प्रधान, अभय भगत, कादीर अंसारी, गाजी रबबानी, बालकी भगत, संजय प्रधान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# व्यापमं ने जारी किया परीक्षा केंद्र के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशानुसार परीक्षार्थी परीक्षा प्रांरभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचेगें, ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सकेगा। परीक्षा प्रारंभ होने से 15 मिनट पहले परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। जैसे कि, यदि परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होती है, तो मुख्य द्वार 9.45 बजे बंद हो जाएगा। व्यापम के गाइडलाइन के अनुसार अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आए। फुटवियर के रूप में चप्पल पहने। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पहले और परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधे घंटे में केंद्र से बाहर जाना वर्जित होगा। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूरी तरह से वर्जित रहेगा। प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लेकर और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करना होगा, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा हो जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र. के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, की एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने प परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है, तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो लेकर परीक्षा केन्द्र में जाऐगें। परीक्षार्थी परीक्षा कक्षा में केवल काले या नीले वाल पॉइंट पेन ही उत्तर अंकित करने हेतु उपयोग में लायेगें। चयन/प्रवेश के समय प्रवेश पत्र मांगा जाता है। इसलिए प्रवेश पत्र को सुरक्षित रखेंगे। व्यापम द्वारा दोबारा प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा। निर्देशों का पालन ना करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जाएगा। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।



फीचर इम्पैक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है, हमारे संस्था से शिक्षा प्राप्त कर ज्यादातर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ - साथ विदेशों में सरकारी एवं निजी संस्थानों में बड़े पद पर कार्यरत है, कई विद्यार्थी बड़े रूप में स्व रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है, जिससे हमारी संस्था के साथ - साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाए रखेंगे इसी विश्वास के साथ...

विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED



श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति भारत द्वारा पुरस्कृत करते हुये




इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।





## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- B.Com LLB
- LLM
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- M. Pharma
- B. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
M.Tech / B.Tech / Diploma • CSE • Civil • ET&T • Mechanical • Electrical Artificial • Intelligence & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib • B.Lib • D. Lib

### Hotel Management
- BHM • MHM

### Education
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

### Film Making
- B.A. • M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education andSports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/Science/Commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA • MBA
  - Hospital Management
  - Financial Management
  - Marketing Management
  - Human Resource Management
- DCA • BCA • PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A
  - English • Sociology • Psychology • Hindi • Sanskrit
  - Yoga • Political Science • History • Geography
  - Public Administration
- B.Com. (Hons) • M.Com. • DSW
- BSW MSW • B.Stat • M.Stat
- BRS MPH • MRS
- B.Sc (Hons) / M.Sc
  - Chemistry • Maths • Physics • Biotechnology
  - Botony • Zoology • Microbiology • Computer Science • IT • Home Science • Multimedia & Design
  - Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Digital Marketing
- Nutrition & Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph. D. Available in all Subject**
प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23.07.2025
website: www.bhartiunivercity.org

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग में, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में **कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान** के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश- विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहें है। **फॉरेसिंक साइस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना कैरियर संवार सकते है।** सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो विद्याथियों को एक सशक्त कैरियर और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**· अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ· अनुभवी फैकल्टी एवं फील्ड एक्सपर्ट्स · इंटर्नशिप व लाइव प्रोजेक्ट्स के अवसर · सरकारी और निजी क्षेत्रों में प्लेसमेंट की सुविधा**

देश का आपराधिक न्याय तंत्र आज **एविडेंस-बेस्ड प्रणाली** की ओर अग्रसर है। हाल ही में लागू हुये तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत **सात साल से अधिक सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य** कर दी गई है। इससे फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग** इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान।**

**समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी**

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा ।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।



62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07

www.bhartiuniversity.org  bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

## खबर संक्षेप



### कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ का 17 सूत्रीय मांग पत्र

**चंद्रपुर।** छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की सक्ती जिला इकाई ने तहसीलों में संसाधन संकट को लेकर विरोध दर्ज कराया है। बुधवार को संघ पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा को 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि अगर 26 जुलाई तक समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन किया जाएगा। संघ ने बताया कि हाल ही में जिले की हसौद, अड़भार, चंद्रपुर, बाराद्वार और भोथिया को तहसील और छपोरा, कोटमी, सिंघड़ा को उप-तहसील का दर्जा दिया गया है, परंतु इन कार्यालयों में स्टाफ और जरूरी सुविधाएं नदारद हैं। स्टेशनरी, कंप्यूटर, प्रिंटर जैसी बुनियादी चीजों की कमी से जनता और अधिकारी दोनों ही परेशान हैं। जिला अध्यक्ष विद्याभूषण साव और पदाधिकारियों ने दो टूक कहा कि संसाधन नहीं, तो काम नहीं की नीति पर मजबूती से टिके रहेंगे।

### रेलवे ट्रैक पर अज्ञात पुरुष का मिला शव



**खरसिया।** खरसिया-झाराडीह रेलखंड के ट्रैक पर गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव खंड संख्या 622/09-11 के पास पाया गया। उम्र करीब 45 साल बताई जा रही है। रेलवे स्टेशन मास्टर की सूचना पर आरपीएफ और पुलिस मौके पर पहुंची। शव भीग चुका था और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे, जिससे खोपड़ी बाहर आ गई थी। घटनास्थल की वीडियोग्राफी और तलाशी में एक घड़ी व चप्पल तो मिली, पर पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने मृतक का हुलिया जारी किया है। 5.4 फीट कद, सावला रंग, गुलाबी चेकदार शर्ट, काला चड्डा, गले में काला रेशमी धागा। पहचान बताने वालों से थाना खरसिया से संपर्क की अपील की गई है।

### नैला-बलौदा मार्ग बना जी का जंजाल, राहगीर हो रहे परेशान

**जांजगीर-चांपा।** नैला-बलौदा एक परेशानी का सबब बन चुका है। भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही, सड़क की बदहाल स्थिति और जिम्मेदार विभागों की निष्क्रियता ने इस मार्ग को दुर्घटनाओं का अड्डा बना दिया है। पीडब्लयूडी, आरटीओ और पुलिस विभाग पर उंगलियां उठ रही हैं, लेकिन जवाबदेही से सभी बचते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब वे अवैध रूप से चल रहे भारी ट्रेलरों का विरोध करते हैं, तो उन्हें धमकाया जाता है।

### महिला से अनाचार करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अकलतरा।** महिला से जबरदस्ती अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि पीडिता की अक्सर तबियत खराब होती थी। आरोपी अशोक श्रीवास उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 6 ग्राम बुड़गहन द्वारा पीड़िता को अपने घर ले जाकर जबरदस्ती अनाचार किया।

**नाम परिवर्तन की सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विवेक कुमार अग्रवाल, पिता श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, उम्र 46 वर्ष, निवासी लैलूंगा रोड, घरघोड़ा, पोस्ट-तहसील घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छतीसगढ़), पिन कोड- 496111, पूर्व में अपने दस्तावेजों, विशेष रूप से आधार कार्ड में "विवेक अग्रवाल" के नाम से जाना जाता था।

अब मैंने अपने समस्त दस्तावेजों में नाम "विवेक कुमार अग्रवाल" (Vivek Kumar Agrawal) के रूप में संशोधित /प्रयोग करने का निर्णय लिया है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि "विवेक अग्रवाल" एवं "विवेक कुमार अग्रवाल" एक ही व्यक्ति हैं।

यह सूचना भविष्य में किसी भी प्रकार की असमंजस या भ्रम से बचने के लिए सार्वजनिक हित में प्रकाशित की जा रही है।

## कमिश्नर ने किया संजय मार्केट से रामनिवास टॉकीज तक निरीक्षण

# जलभराव और गंदगी से निजात के लिए तैयार हो रहा नया नाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के मुख्य वाणिज्यिक क्षेत्र संजय मार्केट और रामनिवास टॉकीज क्षेत्र में जलभराव और नाले में गंदगी की लगातार शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने शुक्रवार सुबह क्षेत्रीय निरीक्षण किया। इस दौरान नाले की सफाईए निर्माण योजनाए अतिक्रमण की स्थिति और संक्रमित कचरे के निस्तारण को लेकर अधिकारियों को कई सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि कई मकान मालिकों ने सेप्टिक टैंक नहीं बनवाकर सीधे अपने शौचालय के पाइप नाले में छोड़ रखे हैं। इतना ही नहींए बच्चों के हगीज और अन्य संक्रमित कचरे को भी नाले में फेंका जा रहा हैए जिससे सफाई कर्मचारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कमिश्नर ने साफ निर्देश दिया कि ऐसे सभी मकान मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण की शुरुआत हरियाणा भवन के पास से की गईए जहां नाले में जमा कचरे और मलबे को जेसीबी की मदद से निकाला गया और नाले को चौड़ा किया गया। इसके बाद सुलभ शौचालय के पीछे के नाले की स्थिति देखी गई और उसके निर्माण की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान व्यापारियों से नाला निर्माण और अतिक्रमण हटाने में सहयोग की अपील की। वहींए संजय कंपलेक्स गली में सड़क पर अतिक्रमण के कारण रास्ता सकरा होने की शिकायत पर मोहल्लेवासियों से सीधा संवाद कर समस्या का समाधान निकालने का आश्वासन दिया।



### अतिक्रमण करने पर पान ठेला संचालक को फटकार

रामनिवास टॉकीज चौक पर नाले के ऊपर अतिक्रमण कर चल रहे पान ठेले को देखकर कमिश्नर ने सख्ती से उसे हटाने के निर्देश दिए। पुनः अतिक्रमण करने पर भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी भी दी गई। इसी तरह ओवरब्रिज के नीचे जलभराव की स्थिति को देखते हुए वहां कंक्रीट समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा है। कमिश्नर ने कार्य की गुणवत्ता और फिनिशिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### होटल राजमहल में तत्काल बनाया गया सेप्टिक टैंक

रामनिवास टॉकीज क्षेत्र में भी नाले से लगे मकानों और प्रतिष्ठानों की स्थिति का जायजा लिया गया। होटल राजमहल द्वारा नाले में सीधा पाइप छोड़े जाने और दीवारों की जर्जर स्थिति को लेकर कमिश्नर ने होटल संचालक को कड़ी फटकार लगाई और सेप्टिक टैंक निर्माण व मरम्मत कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। निर्देश की अवहेलना पर जुर्माना लगाने की चेतावनी दी गई।

### क्यों जरूरी है संजय मार्केट नाले का निर्माण

यह नाला दशरथ पान ठेला से लेकर दरोगापारा, गर्ल्स कॉलेज, गौरी शंकर मंदिर आदि क्षेत्रों से पानी निकासी का प्रमुख माध्यम है। इसका चौड़ीकरण और निर्माण कार्य पूरा होने से पूरे क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या से राहत मिलेगी और व्यापारियों के साथ.साथ आमजन को भी स्वच्छ वातावरण मिलेगा।



## धरमजयगढ़ में होगा स्व. दिलीप सिंह की पुण्यतिथि पर विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरमजयगढ़

आदिवासी समाज के उत्थान और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए समर्पित स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव जी की पुण्यतिथि इस वर्ष धरमजयगढ़ में एक भव्य आयोजन के रूप में मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम विशेष रूप से बैगा गुनिया, माता पुजारी, धाम संचालक, पहाड़ी कोरवा, पंडो और बिरहोर जैसी जनजातीय और पारंपरिक समुदायों को समर्पित होगा। स्व. जूदेव का इन समुदायों की संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था के प्रति विशेष लगाव रहा है। ऐसे में यह आयोजन उनके विचारों और कार्यों को जीवंत रखने का एक प्रयास माना जा रहा है। कार्यक्रम की विशेष बात यह होगी कि इसमें उन धर्म योद्धाओं का सम्मान किया जाएगा जो जनजातीय क्षेत्रों में रहकर निरंतर सनातन धर्म की परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा कर रहे हैं। यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि होगा, बल्कि धर्म, संस्कृति और समाज के उत्थान के प्रति एक सशक्त संकल्प भी होगा। इस विशेष अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं उपस्थित रहेंगे और कार्यक्रम की गरिमा को अपने पावन सान्निध्य से गौरवान्वित करेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर कुमार प्रबल प्रताप जूदेव, आचार्य राकेश जी महाराज, कपिल देव शास्त्री, वरिष्ठ भाजपा नेता टीकाराम पटेल तथा पहाड़ी कोरवा समाज के प्रतिनिधि प्रेम साय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट कर इस आयोजन के स्वरूप और उद्देश्य को साझा किया। इस अवसर को लेकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है और इसे जूदेव की स्मृति में एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में देखा जा रहा है जो सनातन परंपराओं की मजबूती और जनजातीय समाज के सम्मान को नई दिशा देगा।

■ आदिवासी आस्था और सनातन संस्कृति को समर्पित होगा कार्यक्रम

## बिजली बिल को लेकर कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार को घेरा

**सरसीवा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस कमेटी के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिलाअध्यक्ष ताराचंद देवांगन के नेतृत्व में बिजली समस्या को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेसजनों ने सरकार को घेरते हुए बिजली कटौती, बढ़े हुए बिजली बिल और स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली को लेकर जमकर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने जनता की बिजली से जुड़ी समस्याओं को सामने रखते हुए राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती से आम जनता त्रस्त है। वहीं स्मार्ट मीटर के कारण उपभोक्ताओं को गलत तरीके से अधिक बिल भेजे जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर प्रणाली को बंद करने की मांगों को बंद करने के लिए बिजली विभाग पर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पुर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, घनश्याम मनहर, सूरज तिवारी, डॉ परमानंद साहू, दया साहू, गोपाल पांडेय, राम लाल केशरवानी, दिलीप अनंत, उतरा साहू, लता जटवार, डेविड वर्म, भूषण भारद्वाज, आकाश पांडेय, राजनी बघेल राम नाथ सिदार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।



## घरघोड़ा में उल्लास बैठक सह कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

घरघोड़ा में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड स्त्रोत केन्द्र घरघोड़ा में मार्च 2026 हेतु उल्लास सर्वे प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में विकास खण्ड के समस्त सीएसी एवं प्रत्येक संकुल से एक मोबाईल एवं ऑनलाइन कार्य में दक्ष शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में माह मार्च 2025 की परीक्षा में अनुपस्थित रहे असाक्षरों को माह सितम्बर 2025 की महापरीक्षा में सम्मिलित कराने पर भी चर्चा हुई तथा सितम्बर माह की परीक्षा में सम्मिलित किए जाने वाले असाक्षरों की तत्काल नियमित कक्षाएं लगाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके लिए पूर्व में चिन्हांकित स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से नियमित कक्षा संचालन कराये जाने का सुझाव दिया गया। समस्त सीएसी एवं शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि माह मार्च 2026 के लिए सर्वे एवं कक्षा संचालन हेतु वे अपने संकुल एवं स्कूल क्षेत्र में नए स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन करेंए उन्हें प्रेरित करें। विशेष रूप से कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वयंसेवी शिक्षक का कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करें। दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के बीच इस बात का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें कि 10 असाक्षरों का सर्वे कर, उन्हें ऑनलाइन पंजीकृत कर और अपने आपको स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में पंजीकृत कर टैग करने के उपरांत, उनकी नियमित कक्षा संचालन करते हुए उन्हें परीक्षा में सम्मिलित करावें। ये 10 असाक्षर परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर उनके स्वयंसेवी शिक्षकों को कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 10 अंक बोनस के रूप में प्राप्त होंगे। इस बात को दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों को समझाते हुए उन्हें अधिक से अधिक संख्या में स्वयंसेवी शिक्षक का कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करें। असाक्षरों के सर्वे के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य मितानिनए कॉलेज के विद्यार्थियों, गांव के उत्साहित युवाओं एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं का सहयोग लेने हेतु बताया गया।



## चंद्रपुर में अवैध शराब माफिया की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

चंद्रपुर थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर लगाम कसने के लिए नए थाना प्रभारी गगन बाजपेयी ने मोर्चा संभालते ही सख्त एक्शन लेना शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी के पदभार ग्रहण करते ही इलाके में अवैध शराब के ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। बीते तीन महीनों में थाना प्रभारी बाजपेयी के निर्देशन में पुलिस ने कई जगह छापेमारी कर भारी मात्रा में महुआ शराब जब्त की है और डेढ़ दर्जन से अधिक अवैध शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट की धारा 34,2 के तहत केस दर्ज किया जा रहा है। थाना प्रभारी बाजपेई ने साफ शब्दों में कहा है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का यह रवैया देख शराब माफियाओं में खौफ का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले जहां खुलेआम अवैध शराब बिकती थी, वहीं अब लगातार कार्रवाई से ऐसे धंधों पर रोक लगी है। लोग भी पुलिस के इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं और अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस तक पहुंचा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि आने वाले दिनों में अवैध कारोबारियों पर शिकंजा और कसने की तैयारी है। थानाक्षेत्र को शराब मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी बाजपेयी की सक्रियता की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहेगी।




## किसानों को मिला राहत का एटीएम



**पुसौर।** पुसौर स्थित अपेक्स बैंक शाखा द्वारा किसानों को उनकी सहकारी सोसायटियों में एटीएम सुविधा देने की पहल की गई है। शाखा प्रबंधक श्री परेता ने कार्यशाला आयोजित कर 15 सोसायटियों के 80% किसानों को एटीएम कार्ड वितरित किए। श्री परेता ने बताया कि किसान माइक्रो एटीएम के जरिए 25,000 रुपये तक सीधे सोसायटी से निकाल सकते हैं। बड़ी राशि के लिए क्षेत्रीय बैंक या अपेक्स शाखा आना पड़ेगा। यह सुविधा किसानों के दैनिक मजदूरी भुगतान और खेती खर्च के लिए तत्काल धन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। बाकी किसानों के एटीएम कार्ड भी जल्द वितरित किए जाएंगे।

## किसान खाद के लिए परेशान व्यापारी हो रहे मालामाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसीवा

क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी जोरों पर है। इस पर देखा जाए तो विभाग अंकुश नहीं लगा पा रहा है। रोक लगाने में विभाग़ असक्षम साबित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं कार्रवाई नहीं होने से दुकानदार खाद के अवैध गोरखधंधे में जुटे हुए हैं। डीएपी व यूरिया के थोक विक्रेता शहर व ग्रामीण इलाकों के किसानों को महंगे दाम पर अवैध तरीके से खाध बेच रहे हैं। किसानों को 200 से 250 रुपए प्रति बोरी ओवररेट बेचकर मोटी कमाई कर रहे हैं। जबकि प्रशासन ने किसानों के लिए यूरिया 266.50 रुपए व डीएपी 1350 रुपए प्रति बोरी का रेट तय किया हुआ है। व्यापारी के पास से मिल रही हर तरह की खाद से किसान आश्चर्य चकित और परेशान है। किसानों को खाद के लिए सरकार के खाद वितरण केंद्र में कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी खाद प्राप्त नहीं हो पा रहा हैं। वहीं व्यापारीयों के पास सभी प्रकार के खाद के भरपूर स्टॉक देखकर वर्तमान सरकार के प्रति किसान तरह तरह की बातें भी कर रहे हैं। बता दें कि यूरिया एक बोरी का मूल्य 266.50 रुपए है। वहीं डीएपी की 50 किलो की एक बोरी की कीमत 1350 रुपए है। वहीं व्यापारी लोग किसान के साथ छलावा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। किसानों को खाद लेने की मजबूरी हो गई है। जिससे फसल को नुकसान ना हो। वहीं क्षेत्र की कृषि दवाओं की दुकान में नकली दवाई खुले आम बिक्री किया जा रहा है। जबकि सारंगढ़ जिला कलेक्टर ने पूर्व मे संबंधित विभाग को तत्काल नकली खाद नकली दवाइयां को जप्त कर दुकान पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

■ सरसीवां इलाके में जारी है खाद की कालाबाजारी, भटक रहे किसान

## पुसौर बीईओ का पदभार शैलेष देवांगन ने संभाला

**पुसौर।** पुसौर विकासखंड में शैक्षिक प्रशासन की जिम्मेदारी अब शैलेष देवांगन ने संभाल ली है। पूर्व बीईओ दिनेश पटेल के खरसिया स्थानांतरण के बाद गुरुवार को श्री देवांगन ने पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाला। इस अवसर पर विभिन्न अशासकीय स्कूलों के संचालकों व जनप्रतिनिधियों ने सौजन्य भेंट की। उपस्थित लोगों में अक्षय सतपथी, उमेश साव, दुष्यंत प्रधान, अनिल यादव, घनश्याम साहू, सनत चौधरी और सरोज सतपथी शामिल रहे। बीईओ देवांगन ने उपस्थिति और अनुशासन को प्राथमिकता देने की बात कही। लंबे समय से पद रिक्त होने के कारण प्रभावित हो रही शैक्षणिक गतिविधियों को अब रफ्तार मिलने की उम्मीद है।






## धौराभांठा का आदर्श विद्यालय संकट में, सांसद को भेजा गया पत्र

# रेलवे लाइन ने बढ़ाई बच्चों के भविष्य की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शिक्षा के मंदिरों पर जब विकास की रफ्तार कहर बनकर टूटे, तो चिंता सिर्फ दीवारों की नहीं, भावी पीढ़ी के भविष्य की होती है। ऐसा ही एक मामला रायगढ़ जिले के तमनार विकासखंड के ग्राम धौराभांठा स्थित आदर्श बागमती विद्या मंदिर के सामने आ खड़ा हुआ हैए जहां भूपदेवपुर भाटापारा रेलवे प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रस्तावित रेलवे लाइन विद्यालय के पूरे भवन, परिसर और शैक्षणिक गतिविधियों को संकट में डाल रही है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया को प्रेषित पत्र में यह मांग की गई है कि प्रस्तावित रेलवे लाइन के रूट में संशोधन किया जाए ताकि यह विद्यालय की सीमा से हटकर गुजरे और इस शैक्षणिक संस्था का अस्तित्व सुरक्षित रह सके। बता दें इस क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य रमेश बेहरा भी इसी प्रयास में लगे हैं कि किसी तरह से स्कूल की इमारत न ढहे।



### रूट डायवर्ट करके बचाया जा सकता है स्कूल

प्रधानाचार्य द्वारा प्रेषित दस्तावेजों के अनुसार प्रस्तावित रेलवे लाइन विद्यालय परिसर से 22900 से 24000 मीटर उत्तर दिशा की ओर प्रस्तावित है। यदि इस लाइन को थोड़ी और दूरी पर स्थानांतरित किया जाएए तो विद्यालय को पूरी तरह बचाया जा सकता है। यह मामूली सा रूट संशोधन सैकड़ों बच्चों के भविष्य को सुरक्षित रखने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

### तीन दशक से स्थापित है स्कूल

धौराभांठा स्थित आदर्श बागमती विद्या मंदिर वर्ष 1990 से संचालित है और यह क्षेत्र का एक प्रमुख निजी शैक्षणिक संस्थान है। वर्तमान में विद्यालय में 25-30 गाँवों के बच्चे अध्ययनरत हैंए जिनकी संख्या 670 से अधिक है। यहां कक्षा पहली से बारहवीं तक की पढ़ाई होती है। विद्यालय में 35 शिक्षक व कर्मचारी कार्यरत हैं, जो छात्रों की शिक्षा और चरित्र निर्माण में समर्पित हैं। विद्यालय परिसर में शैक्षणिक भवन, छात्रावास, रसोईघर, शौचालय एवं भव्य भवन समेत कुल 7000 वर्गफुट से अधिक का निर्माण किया गया है। यह परिसर वर्षों से स्थानीय समुदाय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास का केंद्र बना हुआ है।

**Fenesta** Better by Design
India's No.1 Windows & Doors Brand

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby served to all concerned that our dealership operating under the name of **"Annapurna Traders"** located at **Shop no-161, Gouri Shankar Mandir Road, Raigarh, Chhattisgarh- 496001** is discontinued w.e.f. 14.07.2025. FBS has terminated its dealership with **"M/s Suhreen Enterprises"** and the latter has already ceased to be an authorized dealer of FBS. Therefore, is no longer associated in any way with Fenesta Building System ("FBS"), a division of DCM Shriram Limited.

Any person dealing with "Annapurna Traders" will be doing so at his or her own risk and consequences. Thus, FBS will not be liable or responsible for dealing of any person with "Annapurna Traders" in any event and for any reason whatsoever.

**"Annapurna Traders"** and/or its owners/employees have no authority to transact any business or receive any money for and on behalf of FBS without consent of the FBS. FBS shall not be responsible for any action, debt, commitment or deeds done or entered into by **"Annapurna Traders"**.

For any queries related to your pending order etc, kindly contact Fenesta Building Systems. FBS Helpline Tel: 0124-4513700 & 1800 102 9880 or email us at response@fenesta.com.